रक्षाबंधन

दिनांक 10 अगस्त को सेंट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर भोपाल में कक्षा 8 D 8 C और 8 E के छात्र -छात्राओं के द्वारा “रक्षा बंधन” का त्यौहार स्पेशल असेंबली के रूप में मनाया गया |इस आयोजन में त्यौहार का परिचय कक्षा 8 E के द्वारा तथा लघुनाटिका कक्षा 8 C के द्वारा तथा गीत एवं नृत्य कक्षा 8 D एवं 8 E ने सामूहिक रूप से किया | इस अवसर पर कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवी तक के छात्र-छात्राए उपस्थित थे | असेंबली में राजस्थान के चुरू नामक गाँव में घटित एक घटना का नाट्य रूपांतरण दिखाया गया | भावनात्मक रूप से इस नाटक ने उपस्थित शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को बहुत प्रभावित किया | अंत में रंगारंग नृत्य ने माहोल को खुशनुमा बना दिया | त्यौहार का परिचय देते हुए छात्रों ने रक्षाबंधन की सार्थकता पर प्रकाश डाला| कार्यक्रम के समापन पर संस्था के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन ने सभी छात्रों के अच्छे प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनका उत्साह बढाया |

अंत में हर्सोल्लास के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ |

ईद -उल- जुहा 2019

कुरबानी और त्याग का पर्व ईद-उल-जुहा सेंट मोंटफोर्ट स्कूल , पटेल नगर में बड़ी शिद्दत के साथ मनाया गया | इस अवसर पर कक्षा 11 C तथा 11 D के छात्रों द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया | ईद -उल-जुहा इस्लाम धर्म के विश्वास करने वालो का प्रमुख त्यौहार है | रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के लगभग सत्तर

(70) दिनों बाड इसे मनाया जाता है |इस्लामिक मान्यता अनुसार हजरत इब्राहीम अपने पुत्र इस्माइल को इसी दिन खुदा के हुक्म पर खुदा की राह में कुर्बान करने जा रहे थे तोह अल्लाह ने उनके पुत्र को जीवनदान दे दिया| जिसकी याद में यहाँ पर्व मनाया जाता है | इसी भावना को दर्शाते हुए कक्षा ग्यारवी के विद्यार्थियों द्वारा एक शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई |रंग -बिरंगे वस्त्रो से सजे छात्र-छात्राओं की नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया | कार्यक्रम का समापन प्रिंसिपल ब्रदर मोनाचन के बधाई सन्देश के साथ हुआ ,जिसमे उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आपसी भेदभाव भुलकर प्रेमपूर्वक मिलजुल कर रहने का संदेश दिया |